बडे २ हुन्नरी पर एकछौटेसेहुन्नरीका कैसा नामप्रसिद्ध हुवा है (राजस)
वहराजसके कैंची और चकू वगेरा सौउनके घरके औजार जिसकि-
सीके हातमें आताहै वह पीछा नहिं रखता खरीदहीलेता है एसें और
भीकई औजार बनाते हैं सौ सबभरतखंडमें जाहरहौगये हैं उस्के बनाये
हुये औजार हरएकआदमी मुखके माँगे दाम देकेलेजाते हैं इसी तरह
और हुन्नरियोंके नाम गनाऊँ तौ एक बडीसीकिताबभरजाय मुख्य हु-
न्नर बडीचीजहै इस्सें हजारों आदमीं पेटभरते हैं और इसविद्या हुन्नर

कीजड पेटमें रहती है नतो कोई चुरासके न धाडवीलूँटसके नकोइज-
बरदस्तीसें लेसके जोकोइसीखे सो उनसिखानेंवालेका सागीर्दही हो जाय
और उम्मरतक सिखानेंवालेका नामलेकर अपनाकानखींचके उसका-
र्यका प्रारंभकरे पुन्ह हून्नरीजहाँजावे जहाँ अगाडीसें अगाडी सबतत-
वीर हाजर और मौजूदहोजातीहै और नौकरी गुमास्तगिरीकीजड प-
त्थरपर वरनेपत्थरसेंभी गजभरऊँची है सौवर्षतेपानीमेंभी सूखजाय
और बेपार अपारहै पर इस्की जडपूँजी है और समयकालवर्तमान भा-
व रगौती रुख हमेसेंदेखाकरे तब जड़हरी रहती है और निद्रावस्थ हो-
नेंसें तो छतीपूँजी मंदी मंदवाडोंमें जड लुप्त हो जानेकी आशा है पर
इसजडकों बचाना बडेबागवानोंकाकामहै नहिंतो सूकजाय इसजडको
हरीरखना इस्में साचका जल और लेनदेनबराबररखनेका व्यवहारहै
उस्कोंविचाररूपी बाड़दके बचाना और झुटरूपी प्रचंडपवनसे वहवे
पाररूपी वृक्ष जडमूलसे उखड जाताहै तब वह बेपाररूपी बागके रक्ष-
क (बागवान) निकम्में हो जाते हैं तब केईदिनोंतक तो दुकानके
अडुवारदानोंसेंकामचलावे फिरतो गहनोंपर हातडालनापडताहै क्योंके
रोजमररेकाखरचतो कहाँतककमकरेंगे फेर घर हवेली और बरतनवा-
सण कपडे लत्ते भी बेचणेंमें आजाते हैं परंतू निकम्मेंबेठे पूरापडनामु-
सकल पीतेपीतेसमुद्रभी खालीहोजाय और सीर यानेंपानीकीं आवँदव-
गेर कूप नदी सागरादि सबही खालीहोकर सूखजाय ऐसें कितनेलोग
बेरुजगारहोकर निकम्में रोटियें मोहताजहो फिरते हैं पर हुन्नरसीखके
कमाखाना स्वीकार नहिंकरते क्योंकि बडेघरानेंवाले रेसमके पोतडोंके
जन्मे हुयेकों हुन्नर और छोटाधंधाकरना अच्छानहिंलगता फेर इसपे
कहनावटोंभी है (दोहा) केहंसामोतीचुगे केलंघनकरजाय ॥ छीज-
भीजघरमेंगले तोकमायनहींखाय ॥ १ ॥ इसीतरहसें घरमेंबैठे २ सब
धन और अलेबण अड्डाबारदानाथित बित गहना कपड़ेबेच २ के

खायपूराकर घरमें बैठे २ गरतेहैं और छीजकेमरतेहैं पर वहबडघरजी कुछभीपुर्षार्थनहींकरसक्के बिचारे मारेसरमके कुछभीविद्या व हुन्नर व हिल्ला नहिंकरते अजीवहतौबडेघराणेंके जन्मेलाडलेपूत्रपौत्रहै पर बडे घरानेमें गुमास्तेरहेहुयेभीकबी बेरुजगारेहोजातेहैं तब अपनेमालकोंकी नाँई घरमें रोटियोंमोहोताजहोकर बैठेरहतेहैं और कहाकरतेहैं कि हमउस ठिकानोंमें कामकमायेहुये छोटाधंधाक्याकरें हमारीनजरमें कोईरुज-गारजमतानहीं देखोभूखेंतोमरतेहैं और कपडों केपैवंद (थेगलियें) और पगडीमेंचींथरे भरकर टापटीपसेंनिकम्में जूतियें चटकातेफिरतेहैं पर एसीदुरदसामें भीकोईविद्या हुन्नरकों सीखके हिल्लानहिंउठासकते दे-खोकोईभी हुन्नरसीखलेते तो लोगोंकीखुसामदक्योंकरते उलटीखुसामद लोगहुन्नर[illegible]कीकरतेहैंबिनपूँजी और बिनपहचान परदेशोंमें हुन्नरी स-बसेंमित्रहोके धनकमालेतेहैंऔर अपनानाम प्रगटकरलेतेहैं पररोटियों सेंतोकभी मोहोताजनाहिंरहते इसपे एकद्रष्टांतदेतेहैं (कहानी) गुज-शतदेसमें एकबडासाहूकार लक्षाधिपति बडाबरबीर बुद्धीवजीर धर्म-नीतीपालकथा ताके मनोजमंजरीनामस्त्रीथी जाके गभाधानहोकर एक-कन्याँजन्मी ताकंन्याँकानाम क्रांतिप्रभारक्खा वोकंन्याँ एसीसुसोभित रूपशोभाग्यकीसीमूर्ति दसवर्षकीहोकर विद्या मेंनिपुणभई और देश-देशांत्रोंमें क्रांतिकाउद्योतहोकर बडेबडेसहरोंके सहूकारलोग स्वजाती-वालोंकी मंगनीआनेंलगी पर साहूकारनें यहीप्रणधारणकीयाके जोवि-द्या व हुन्नरमेंनिपुणहोगा (धनवान व दरीद्रीहीहो) ताकूं कन्याँदूंगा ॥ जबकोईविशाला कन्यांकीमंगनीकाआता ताकूंसेठजीपूछतेकी कँवरजी कुछविद्या हुन्नर भि सीखेहैं तब बशीठी (दलाल) कहतेकी उनकोंइन बातोंसेंक्याकाम बहतोबडेमोटेघराणेंके और घड़ेकडूंबे(बडेपरिवार)वाले धनवंतहै उनके हुन्नर और विद्या सीखणेंसें क्याकाम हजारों मनुष्य उन केहाजरीमें हाजरखडेरहतेहै और धनवानकीआसाकरतेहैं तबपीछा सेठ

कन्याँकापिता यहकहताकिठीकहै म्हेंकोईहुन्नरीढूँढताहूँ इसीतरहकरते२ कन्यावरयोग्यहोगई तबकेईदिनोंबाद एकलड़का अपनेंमतप्रनालिकाका स्वजाती बहुहुन्नरी नजरआया पर उस्केमाता पिता तो जन्मसमेंहीं स्वर्ग वासीहोगयेथे और कोईसगानसनमंधी जानेअकाससेंपटका और जमीन-झेला कोईजाणनापिछान परंतू वहलड़का हरएक्हुन्नरकरके नित्यकूवा खोदकर जलपीये यानें हमेसाँनविनहुन्नरकर रोटीकमाकेखावे औरबा-कीवचतासो पैसाहुन्नरसीखनेमें लगादे तव सेठउसलड्केको बुलाकर अपनीबेटीका विवाह बडेउत्सवसें आनंदपूर्वक करदिया और वहस्त्रि पूर्ष आनंदमेंरहनेंलगें वनित्यनविनहुन्नरकर अच्छीरीतीसें अपनेंघरकाका-मचलावे फेर केईदिनोंकेबाद देसमें वारहकालीपड़कर परा कहोके वह मुलकलुटगया धनवानके कंगालहोगये किसीकेपास कोडीपैसानरहा जि स वखतमेंसबलोग अपना२जीलेके जिधरचाहे उधर भगचले एक २ सें मिलनेंभीनहिंपाये माईपूतबिछुटगये तववहबहुहुन्नरीजीतो आपकीऔर तकोंलेकर अहमदावादसरीखे सहरमें जापहुँचे और वहाँजाकर हुन्नर काचलनदेखा तबरेसमी व कलाबत्तूके खीनखाँपवणानासीखकर थोडे सेदिनोंमें दोरुपयेरोजकेकमाऊहोगये बस रोजकेरोज दोरुपेकमा केलाकर अपनीऽस्त्रिकों सोंपदियेकरता बहोतदिनहोगये तवएकदिन पाडोसननें बहुहुन्नरीजीकी औरतकों पूछाके बाईतुम यहाँआये-थे जव तुमारेफटेहुये कपडेथे और पैसाभी मुम्हारेपासनहींथा अबतोतुम अच्छीतरहसें खातेउडातेहो तुमारेक्यापैदासहै जब वोवहुहुन्नरीजीकी औरतबोली के मेरेकोंतो कुछखबरनहीं नजानें-क्याहिल्लाकरतेहैं पर मेरेकूँतो दोरुपरोजलयादेतेहै खरचचठासोउठा बाकीबचेसोजमाकरतीहूँ जबवहपडोसनबोलीके नेकबखत पूछतोसही देखेंक्याधंधा और क्यापैसाकरके दोरुपेरोज कमालाताहै एसाहोतो जो-यहधंधाकरतेहैं वह हमभीकरें जबउसनेंकहा हाँम्हेंआजपूछूँगी तबवहब-

हुहुन्नरीजी सांझकों आये तबऽस्त्रिनेंपूछाके आपदोरुपये रोज किस-
धंधेसें कमायकरल्यातेहो जब पूर्षनेंकहाके तुमकों पूछनेंसेंक्या काम तु-
मतोचिकनीरोटियेंखावो और अच्छे २ रेस्मी जरी खीनखांपके स्वस्छ-
वस्त्र पहरो और मोजकरो तब वो अस्त्रि बिचारीचुपहोरही परउसपड़ो-
सनकों कहाँजकपड़तीथी दुसरेरोज फिरभीपूछा जबवोबोली के मेरे-
कोंतो कुछभीनहिंबतलाया और कहा तुमकोंपूछनेंसेंक्याकामहै तुमतो-
खुसीकरो तबपड़ोसनबोली के तेरापतीबडाकपटीहै सो ऽस्त्रितक-
कोंभीभेदनहिंदेता तबवह ऽस्त्रिबोली बाईकैसेंकरूँ जबवहपड़ोसनबो-
ली अयनेकबखत तूँ एकदिन इस्केपीछेजायकर देखतोसही के वहक-
हाँतोजाताहै और क्याकामकर कमाताहै खबरतोले बस यहकहतेही व-
हस्त्रि मूर्ख अविवेकताधारणकर भ्रमातुरहोय यहीकार्यकरणा उचितस-
मझा बस तकदीरकाफूटना और कमाखानेसेंछूटना क्याइलाजहै जबउ-
सऽस्त्रिनें दुसरेदिन अपनेंखावँदका पीछालिया और चलते २ एतो
वहींपहुँचा के जहाँसालवी और कोष्टी बुणकरोंका मोहोलाथा जाकेबे-
जाबुणनेंलगा और नलीयेंचलानेंलगा अब ऽस्त्रिनेंयहदसाआंखोंसदेख
आहभरतीहुई पीछी अपनेंघरआके रोनें पीटनें लगी और अपनेंमाता
पितावोंकोंगालियेंदेनेंलगी और बडीमुसीबतसें दिनव्यतीता सांझ-
हुवा और बहुहुन्नरीजीभी आये तोदेखतेक्याहै के घरमें दीवानबाती
रोटियेंतोकहाँ पर पानीभीनहीं जबतो बहुहुन्नरीजीनें बडेअपसोसकेसा-
थ अपनीऽस्त्रिकोंपूछा के आजयेक्याहै घरमेंदीवाहै नें बाती और आ-
हभरक्यूँ कूटतेहोछाती खेरतोहै क्या आपकों कुछभूतबातादि बीमारी-
तोनहीं है यहक्यादुर्दशाहोरहीहै तबतो वहऽस्त्रि माहाभयंकरक्रोधितहो
अपनेंपतीको अनुचितवाक्य अतिनिठुर गारियोंदेनेंलगी और कहनें-
लगी के अरेढेढ तूँदूरखडारह तूँतोबुणकर बेजाबणनेंवालाहै तेनेंमेरा
धर्मनेष्टकरदिया और दोनोंलोकों (अयलोकपलोक) सें बिगाडकर

बिटालदी तबउसनेंजानाकि भेदखुलगया औरतकीजातबेहया और मूर्खहोतीहै अब साचकहें तो कबमानती है किसमतफूटगया कमानाछूटगया घरानाँटूटगया दिनधौलेलूटगया अबसाचकहेंतौकबमाने औरकव इमानआताहै अबतोजोकहेसोहीमाननाचाहिये नहिंतौयहक्रौधकर प्रानकीहानीकरबैठेगी यहविचार लघुतासें वहअपनीऽस्त्रिकों समझाकरकहनेंलगा अबआपचुपरहो मेंजोकुछहूँसोहूँ अबआपकीक्यासलहाहैसोकहो तबवोऽस्त्रिबोली के बस अबमेरेकोंतोमेरेपीहर मेरे माबापकेपास पहूँचादो तबवहबोलाके चलो परउसकेमाबापभी कालमेंलूट खुसके गुजरातकेगावोंमें नटविद्याकाहुन्नरकरके अपनें कुटंबकापालनकरतथे चंद्रोज में यहभीचले २ उसहीगावोंमेंआनिकले आके एकसराहमेंउतरे और बहुहुन्नरीजी कुछसामानखानेपीनेंका लानेंको बजारमेंगये तहाँ आगेउन केससुरारवालेढोलतोबजारहेहें और बांसरोपरक्खाहै नाचकूदके च्यारछ बआनेंकेतोपैसे और दससेरनाजभीपैदाकरलियाथातब बहुहुनरीदेखकर तुरतहीसराहमेंपीछागया और अपनीऽस्त्रिसेंकहाके एक एसातमासा देखकरआयाहूं सो मेनेंमेरी सबउम्मरमेंभीनहिंदेखो और नेकानाँसुना जबवहस्त्रिबोलीकेकहाँहै तब उस्कोंसंगलेजाकर वहअजबतमासा नटविद्याकादिखाया वहाँ जाके देखेतोक्याहै के उसऔरतकाबापतो कुरकट (कूकडा) बनके नाजचुनताहै और अपनीपरेंसँवारताहै और उस्के भाई गुलाचाखाखाकर नाचते और भावजें बांसपरबरतलेके नृत्यकरतीहै और छोटे छोकरे छोकरियें तालियेंपीट २ के भलेभलेकरतेहैं जबतो इस ऽस्त्रिनेभी अपनें माता पिता भाइयोंकों पहचानके और बिलबिलातीहुई उनके कदमोंमेंजागिरी तब उन्होंनेंभी अपनीबेटीकों पहचानकर कंठलगाली अबतो सबमिले मिलाये और डेरेपेगये जहाँ सबोंनें स्नान ध्याँन करिके रसोईजीमणेंकोंबैठे तब वह बहुहुन्नरीजीकी अस्त्रिकहनेंलगीके मेरेकों तो दूर औरऊपरसेंहीं रोटीपरूसदो म्हेंतो इसबुनक

रसें विटलगईहूं तब वह महाहुन्नरी नटजीबोले के यह हालकैसेंक्याहै सो कहो तबतो वह बहुहुन्नरी जीनें हकीकतकही के हमनेंतो फकत का लकाटनेंकेनिमित रेसमी और जरीकाकाम बणनेंका हुन्नरसीखकर दि- नतेरकीयेहैं तबतोवह माहाहुन्नरी नृत्यकारीजी प्रसन्नहोकर कहनेंलगे हमतो बांस चढ और नाचकूदके पेटसा गुजाराहै और आपनेंतो अ- च्छाहुन्नरसीखलीयाहै सो ठंढीछाँयेंबैठके दोरुपयेरोज इसकालमेंभीक- मायें हमसेंतो तुमअच्छाहुन्नरसीखे आवो सबमिलके एक पंगत और एक थालमें भोजनकरें कमायखाया और पड्याहुवापाया जबअपनीं बेटीकों समुझाईके बेटीनतो यह बुनकरहै और नहमनट है येतो वखत- निकालनेंकी सबहीखटपटहै ॥ संदेसचोरी पर देसभीक ॥ एसेंबेटीकों समझाकर सबमिलपरस्पर भोजनकीये पीछे केईदिनोंकेबाद देशमें सु- काल हुवा सब लोग अपनें २ स्वस्थानोंपें जाकर आनंदपूर्वकरहनेंलगे॥ (पुन्ह)एक बादस्याहके हुन्नरसीखनेंका इतिहास इस हुन्नरसें बादस्या- हकीज्यानवचीहै हुन्नरअजबचीजहै (कहानीबादस्याहकी) एक चंद्रप्रस्थनामनग्र वडारमणीकथा वहाँ सोभनसुरेद्रराजा राज्यकरताथा तहाँ दैवयोग्य यवनोंकाप्रचारहो यवनोंकीगादीस्थापनहुई ताकावंशमें एकगुलवस्ता फिरोजस्याह बादस्याहहुवावो बडारूप गुण राज्यनीतीमें प्रवीणथा और रयतकों अपणें पुत्र पौत्रवत जाणकर न्यायनीतीमें वर- तता और उस्के राज्यमें सबरयत आनंदकरतीथी और उसीनग्रमें एक नीलगर अतिविद्या व हुन्नरीबसताथा जिसके एकवेटीथी सो बडीहीरूप सील गुण गंभीरथी उस्केरूपकोंदेखकर स्वरराजभीच- कितहोताथा परयवनजातीजानकर दिलमेंधीर्यधरलेता और मनुष्यतो- देखतेही भूमीपरलोटजाते और कामवसहोकर चितवनहीकरते एकदि- नवहलडकी अपनीअटारीपे न्हायकेबालसुखारहीथी तासमय बादस्या- ह की सवारीआनिकली और बादस्याह व उसलडकीकीच्यारनिजरहु-

ई देखतेहीमोहितहो खुदाकाशुकरकर कहनेंलगा या अल्लाबखसीसकर यहकहकर पीछाबादस्याहीमेंजाकर उसनीलगरकोंबुलाया और बहोत-आदरपूर्वकबिठाया बादश्याहने च्यारबातें इधर उधर की करके आखर बडीनम्रतासें बेटीमाँगी तब नीलगरनेज्वाबदीया के हुजूर मेरीबेटीतो कोईहुन्नरीहोगा उस्कोंबिवाहीजायगी बिगरहुन्नरी किसीहीबडे आदमीं और धनवानकों नहिंदूंगा तबबादश्याहबोला हमारा हजारोंकोसोंतक-तोराज्यहै और अरबों खरबों की पैदासहै व खासखजानेंजगें२भरेपडेहै लखोंहुन्नरीहमारेपासनाकघिसतेरहतेहैं और छोटेमोटेहुन्नरीतो मिलनेकी आसाहीआसामें बुड्ढेहोगये पर मेरामिलापहीकहाँ यहमेरीबादस्याहीके-अगाडी हुन्नर क्याचीजहै जब वहनीलगरबोला के अयबादस्याह जब बंदेकेसिरपर मुसीबत औ तबाही आपडतीहै तब धन माल और खा-सखजानेंक्याकामआवै वहाँतोफगत आपही आप दमोदमरहजातेहैं नो-करचाकर हजूरियोंमें हाजर अपनेहातऔरपाँव जब एकहीसच्चासाहुन्न रकिसीकोंयादहोय तो सबजिहान उस्केताबे होसकतीहै यह हुन्न-रअजबचीजहै यहसुन बादस्याहनेंजाना के वगेरहुन्नरतो यहअ-पनीलडकीकोंनहिंदेगा अबकोईएसाहुन्नरसीखना जिस्मेंकहींबाहर-नजानापडे और बजनभीनउठानापडे अपनेंघरबैठें च्यारआने-कीउपाय कोईबीहुन्नरसें करके इसकोंबतलादेवें जब बादस्याहनें सबहुन्नरियोंकों बुलबाकर हुन्नरतजबीजा तो सीना और कसी-दानिकालना प्रसंदआया क्योंके ठंढीछाँयबैठकरतोसीना औरजाजम-काविछोनाँ पुन्ह वजनहीउठानासोडेढरत्तीकीसूई जबबादस्याहनें थोडे हीदिनोंमें सीना और कसीदानिकालनासीखकर च्यारछवआनेरोजके-पैदाकरके नीलगरकोंबतलादिये जबनीलगरराजीहोकर अपनीबेटीव्या-हदी अब बादस्याहउसस्त्रिसेंआनंदकियेकरे ॥ बादएकवर्षके एकदिन बादस्याह अर्द्धरात्रीकोंगिस्तदेनेंअकेलाहीजानिकला तो आगेबजारमें

क्यादेखताहैके सबबेपारीतो अपनी २ दुकानेंबंदकर घरकोंगये ॥ और एकबडीहीदुकानआके रातकोंखुली जिस्कीरोशनीं और दरेसीदेखकर बादस्याहबहौतप्रसन्नहुवा और सेठभीएसाआनकेबैठा के उस्केपहननें-केकपडे औरगहनें दागीनें (जरजेवरकपड़ा) एसे अमोलथे कि वाद स्याहनेंभीनकभीदेखा और नपहना और मुखउस्काचंद्रमाँकेतुल्यच मकताथा और उस्केखदमतगारहजूरियेभी एसेथे के जिनके साम्हनें बाद स्याहकीउमीरायतभी हमालोंकेजैसी दिखाईदेरहीथी जबबादस्याहनें विचारकीया के देखो मेरेसहरमेंभी कैसे २ साहूकारबस्तेहैं जिनकों म्हेंपहचानताभीनहीं अबतोसेठजीगरीबों व फकीरोंकों खैरातबाँटनाश-रूकीया तो अनापसनापरुपये और असरफियेंफेंकनेंलगे जबतोबाद-स्याहनेंसोचा के यहकोई गूपतमायाधारीहै अबकलसवारीकरके मिल-नाचाहिये खैर मिलेंगेतोकल परइसबखतफकीरीभेषमें इस्सेंकुछसवाल-तोकरचलें तब बादस्याहनेंजाकर सेठसेंदुवाकरी तबसेठभीइस्कीतरफ-देखकरबहोतखुसहुवा के देखोक्यापचहत्ताजवान और क्याअंगरंगमेंभ-रपूरहै और अलबत्ते इसआदमींकेबदनमें लोहूभी एकमनसवामनजरू-रहोगा क्योंके वहसेठतोममाई गिराथा वोतोआदमीयोंकेसरीरमें चकू और नस्तर मार चीरके गरममसालेभरकर ऊंधाटाँगता और नीचेभ-टीजलाकर वादामकेतेलमें वह खूनटपकाकर भजियेतललेताइसीतरह लखोंआदमीयोंकीं ज्यानतोवोलेईचुकाथा (पुन्ह) इसीफिकरमें रात दिन व लखोंकीतलासमेंथा कोईभी चंगा आदमीं चढतेलोहूका देखेपीछे हरतरहकेपेचकरके उसकीज्यानपरजाल डालहीदेताथा इसीआशयसें वह बहोतसेरुपये और असरफियेंबाँटबाँटकर धरमातमाँपणेंकावाना रखताथा वह बहोतप्यारसें बादस्याहसेंपूछनेंलगाके क्यों फकीरसाहब किधरसें आपआये और क्याआपकोंचाहिये बादस्याहबोलाकि सेठजी काबुलकीतरफसेंआयाहूँ और बाबालालस्याहपीरकी जारतकेवास्ते

अकेलानिकला बडेघराणेंकाहूँ पर में बेखरचभूखाहूँ सो ताजाभोजन-
चाहताहूँ तबतौसेठजीबडेहीप्रसन्नहोके कहनेंलगे हाँ फकीरसाहब ताजेसें
ताजाभोजन अभीमेरे वास्तेबनताहै सो आपमेरेघरकोंपधारियें एक
मेरीबेटी रसोईबनानेमेंबडीहीचतुरहै जिसनें अनेकप्रकारके श्याकपा-
कादितय्यारकीयेहोंगे जबबादस्याहनेंविचारा के इसकाघरबीदेखलेना-
चाहिये और यहसेठऐसाकफशूरतहै तो इस्कीबेटीभीजादारूपवंतहोगी
क्योंकी आदमींसें औरत जादास्वरूपवानहोतीहै एसीविचारके बादस्या-
हउससेठकेमकान जानेंका इरादाकर संगहोलिया और घरकोंजापहुँचे
तबसेठनेंबादस्याहकों अगाड़ीकरलिया और आपपीछे २ खिड़कियेंबं-
दकरके बडीहीकुलफेंलगाताचला अबबादस्याह पहलीकेदरबज्जेपर जाय
देखेतोबडाहीजापता पलटन औरतोपें पड़ीहुईहै और चौकीपहरे छबीनें
ल्हेस २ नंगीतलवारें और चढीहुईकबानें हातोंमेंतोलेहुये भाले तकते
हुयेखड़ेहैं वोएसेजवानथेके जानेजमराजकेसेदूत और भाभड़ाभूत जैसे
बिडरेहुयेरजपूत ॥ खड़ेथे एसे २ सातदरवज्जे और सातहीपरकोटेआये
जबबादस्याहनेपूछाक्यों बाबूयहइतनाक्याजापताहै जबसेठकहनेंलगा
अयफकीरसाहब क्यापूछतेहो ग्रस्थकामकानहै एकमेरेबेटीहै और मेरी
औरत और म्हेंहूँ नकोइबेटाहैनपोताहै मेरेपासअठारहअरबकातो-
धनहै और एकपारसका बडामोटा डल्लाहै अबकोई अच्छासाघरानें-
का श्याणाँआदमीढूँढताहूँ सो उसेबेटीव्याहदूं और सबधनउस्कोंसोंप-
केम्हेंएकांतबैठ मालाजप अपनाजन्मसुधारूँ इसवास्ते जापतारखा
करताहूँ नजानेंकोनसीबखतक्याहै खैर बातेंकरते २ बादस्याहकोंतो
महलकेअंदर लेजायके एककमरेमेंजाबिठाया और आपसाडेतीनम-
नकी कुलफबाहरलगाकर चलागया जातीबखतबहोतसीखातरकरगया
व कहताचला कि आजमेराकारजसिद्धहुवा घरबैठेजँवाईआगये अबमे-
रीबेटीका आपसेंव्याहकरदूंगा और अभीआपकों भोजनकरानेंकों

वोहीआवेगी कहकेचलदिया इधरबादस्याह उस्कीबेटीकोंदेखनेकी उम्मेदमें बैठाहुवा अपनींआँखोंकीपलकेंगिण २ के उसीकासुम्रण व ध्यानधर यादगिरीमेंथा कि किसबखतआवे और उसेंदेखूँ इतनें में-हींतो उसलड्कीकीपैंजुन व गुधरोंकी रमक झमक और अेडियोंकी धमक बादस्याहके श्रवणमें आवाजआई देखीतोनहीं पर उसगजगमनी और हंसाचलनीके रुनकझुनककी आवाज सेंही बादस्याहकातोमनो-जउत्पन्नहोगया इतनेंमेंहींतोवो आकेहाजरहुई औरबहोतनमृताकेसाथ तसलीमबजाई व हातजोड्करबोली के आपभोजनकीजिये एकछोटी सीखिड़की उनकीकुरसीकेपासखुलीहुईथी उसीमेंसेंभोजनकेतासकें और कटोरे प्याले सोंपनेशरूकिये जबबादस्याहनेंकहाके आपअंदर-क्योंनहिंआतीहो तबउसनेंजवाबदीया के मेरेबापकाहुकमनहीं और अभीमेंकुँवारीहूँ बादस्याहनेंकहाके हमकों बाहरभीतरपायखानेंजानें और न्हानेंकीजरूरतहै सो उधरकादरवज्जाखोलदो उसनेंकहा साढेती-नमनपक्केकाताला उसदरवज्जेकेलगाहुवाहै तबबादस्याहनेंपूछायेक्या अ-बबाहरभीतरकहाँजाना और कहाँन्हानाँ जबवोबोली के भीतरहीतारत और पानीकेहोद फँवारेनजरबागमोजूदहै ॥ बादस्याहनेंपूछा के ताला-क्योंलगाहै तबउसनें मधुरता और बडेप्यारसें जवाबदीया के हुजुर में मदभागन इनकेघरमें एसेबखतकीजनमींहूँ सो मेरेवास्तेकोइआदमीं व्याहकरनेकोंलातेहैं और वहमहिनें दोमहिनेंसें खापीके भागकरचले-जातेहैं बहोतसेआदमीं तजवीज २ रहगये म्हेंइतनीबडीहोगई अबआप-कोंमेरीस्यादीवास्तेल्यायेहैं सोएसानहो आपभीधोकादेजावेइसवास्ते आपकोंतालेमें और बहोतजापतेकेसाथरखनाचाहतेहैं बसमेरेकों आप-केपल्लेलगाके चंदरोजपीछे मेरेमाँ बाप तो बद्रीनारायणजीकापाहाड़ोंमें तपस्याकरननेकोंचलेजाँयँगे फिरपीछेतुम और हम बादस्याहनेंकहाके बहोतअच्छीबात परअबअपनाव्याहकबहोगा ज्वाबदियाके आतेमहि-

नेमें जबतोबादस्याहकों बहोतखुसीहुई और उसभोजनकोंदेखकर खुसीहो वल्केउसके रंग रूप सुगंधीसेंहीं मनतृप्तहोगया जीमतीबखत हरएक श्याक पाकादि मुखमेंलेतेथे जबउनकों वहावहाहीकहनापडताथा पेटतोंभरगयाथा पर मन और मनसातो नैंधापी खैर सरमांसरमीसें चलूँभरी और मौछन पान सुपारी खाई तो वोभी एसीपाचनथी के खायापीयासबहजम दिनमें तीन च्यार बखत तासकेंआतीथी जिसमें एसेमसालेपूरितथे के जिसके खानेंपीनेसें नितहमेसे लोहूदूनाहो और उसकीखुसबोईसें बदनफूलता और कुवतबढताजावे उसममईगिराकेतो लोहूसेंहींकामथा जिसतरहगवलीगायें और भेंसियोंकों मालखिलातेहें सोफगतदूधकेवास्ते अवतोदिनपरदिन बादस्याहके तन बदनमें मस्तीछागई और इसलडकीसें दीदारबाजी व दिलराजीकीयाँकरे और मारेकुवतके कूदनें फाँदनें कुस्ती व दंडपेलकेसिवा जकनपडता और दिनभीनाहिंगुजरताथा इधर यहलडकीभीजोबनमेंभरपूर और रंगमेंजहूरथी इस्कोंभी बादस्याहकों देखनें और नजरमिलानेका शोखपडगयाथा पर वोतोजाणतीथीके यहकितनेदिनकापाँवणाँहे इनकीदोस्तीमेंक्यालाभहोगा आखरतोयहभी उसभट्टीपेंचढनेवालाहे परभलाँ दोदिन नजरमिलापतोकरलें इसीतरह एकदिनदोनोंके दीदारबाजीहोकर दिलमिलीहोरहीथी जबबादस्याहनेंपूछा अब अपनीश्यादीकबहोगी यहसुनके ममईगिरेकीबेटी दिलगीरहोकर हातजमींनपरपटकादिये और निसासा डालकेकहनेलगीकी कहाँकीश्यादी और कहाँकाव्याह ज्यानपरगुजरनेवालीहे बादस्याहनेपूछाके यहकेसीबात वहबोलीके कुछकहनेसुणनेंकी बातनहीं वोमिलासहे (कहूँतोमामारीजाय ॥ नाँकहूँतोबापकुत्ताखाय) (सेर) (क्याकहूँ कहानहिं जाता हियाउथलके छातीभरआता) जबबादस्याहनेंपूछा आपएसेदिलगीरक्योंहो तबवहलडकी निष्कपटहोकेकहनेलगी अयभलेआदमी तुमयहाँकहाँआफसेहो यहमेराबापतोममईगि-

राहे सौ लखौंआदमियौंकालोहूनिकालके भजियेतलडाले और ममई बनार२ कर मुलकौंमेंबेचडाली आपकीभीस्यादी उसीभट्टीपरहौनेंवालीहै अब इसकाकुछभीजतननहीं और अबमेरीभीमौतआगई बादस्याहनेपूछाके तुमारीमौतक्यूँ जबजबावदिया के मेरेबापनेइसमकानमें आपजैसे सेकडौंआदमीं केदकररक्खेहैं उनकीहाजरी रोजलीयेकरताहै मै और मेरी तीनबहनें औरहै वहसब अपनें २ जुम्मेंके केदियोकौं भोजनकराके आँखेंमिलाकर उनकौंखुसरखाकरतीहै ताजेभोजनसेंतो लोहूबढताजाता है और हमारीदिलदिलासासें लोहूछीजनेंनहिंपाताहै मेंतो सबबंदीवानौंकौं नजरमिलाकेखुसीहीकरतीफिरतीहूँ नाराजहोनेंसें लोहूसूखजाय अबमेनेंआपकौं यहथासोहालसबकहदिया और आपनेसुना सुनतेही आपकेच हरेकीगुलाबीरंगत फीकीनजरआनेलगगई उसरंगतकौं मेराबापपरखनें वालाहै जब वहबातसुनकर बादस्याह उस्कौंखातरतसल्लीदेके बिदाकी और आप अपनेंदिलकौं मजबूतकरकेबैठा जातीबखतकहगई के अबमेरे कौंभी मारडालेगा म्हेंतोमौलकीलीहुईलौंडीहूँ इससेठने दाइयोंसे सरत करलीहके कोईभी खफसूरत छोकरी कहींभीहोयतोउडायल्यावो या मौ लमिलजायतोमुखकेमाँगेरुपयेदेके लेआवो तुमकौं मुखमाँगीकिंमतदूगा एसेकरदूँगा के फेर तुमकौं उम्मरभरभी कमानाँनपडे पर जनमतेहील्यानाचाहिये फेरकुछकामकीनहीं इसीतरह इसनें पांचसात छोटी२छोकरियें औरभी पालरक्खी है यहसुन बादस्याहनेंकहा खैर देखेंगे घबराणाँनहीं जिंदगीहोगी तोजीयेंगे एसी सुनकर वोतो चलीगई बादस्याहनें अपनें दिलकौंरोकके और खुसीकीखुसबोई उडाई चहरापानींसें छाँट पौंच पांनकावीडाचाबा और स्वचित्तहोकरबैठा इतनेंमेंतो वहममाईगिराआया और आपसमें तसलीमातसलीम बडीहीखुसीसें सलामीं आदाबी हुई बादस्याहनें पूछा अब हमारी इयादी कबतकहोगी तब ठगसेठबोला हालदसदिनकी देरी है बादस्याहनेकहा कि बहुतदिनहोगये जबठगसेठ

वौला मौलासाहव घरग्रस्थियौंका काम है और एकाएकहीमेरेवेटीहै जिसके व्याहकीतय्यारीकरनाहै भाईवंदौंसें वरावरीका व्यवहार है खाने पीनेकी तयारी कपडेरंगेसींयेजातेहैं सव भाइयौंसें हमेसः येहीसल्लाह मिसलतेंहौतीहै कुछतयारीहुई कुछहौगी फिरव्याहहीव्याह जव वादस्याहनें पूछा कि कितनाक खरचहौगा ठगसेठवौला अलवत्ते दशपाँच लाखकातौसमझौ वादस्याहनेंकहा यहतो वहौतखरचहै हमारेयहाँकेसेठौंसाहूकारौंके एक लाखरुपये भी कोईसेकलगाताहौगा ठगसेठवौला अजी फकीरसाहव वहकायकेसेठ और कायकेसाहूकार वौतौ सव हमारे शागीरद् आसामियेंहैं हमारे यहाँ लाखरुपयोंकातो रौसनीवास्तेतेल और नजानें आतसवाजीमें दौय च्यारलाखका वारूदउडजाताहौगा जवमेराव्याहहुवाथा तववीसलाखरुपये तौ हमारी तरफके लगेथे और वतीसलाखरुपये सगौंनें लगायेथे जववादस्याहनें कहा के आपकी तरफके तौ दसपाँचलाख और कुछहमारी तरफके भीतौ चाहिये जव ठगसेठवौला के यहसव आपहीकातौ है मेरेवालकनहोताथा जवमेंनेंमानकरीथी के वेटाहोगातौ आधाधन खैरात करूँगा और वेटीहुई तौ सवघर वार धन दौलत उस्कौंदेके वद्रीनारायणका पाहाडौंमेंजाके तपस्याकरूँगा इसवास्ते यहमाल सव आपहीकाहै मेनेंतौआपकौं आँखसेंदेखते ही आपकेनामसें सवधन संकल्प करदियाहै और आपकेपास क्याहै आपतौ अतीतफकीरहौ और म्हेंतौगिरस्थहूँ वादस्याहनेंकहा के क्या फकीरौंकेपास कुछभी गुरुकेनाम कालटकानहौगा तौ उसनें फकीरीलेकेभी क्याकिया क्याहमारेपास एसावी लटकानहौगा जिस्में हमारे व्याहकाभी पूरान पडे ठगसेठवौला आपकेपास क्यूँ नहिंहौगा आपतौवडे वली औकरामातीहौ जववादस्याहनें अपनें हकपरदवामाँगी और उस नीलगरकौं यादकर अपनें कॉनकौंखेंचके आदावबजाई और वहसीनें औ कसीदेकाहुन्नर यादकीयाथा जोकुछ इसवखतमें काम आवेतोयह

आवे बादस्याहबोलाके आजजरासाकलाबत्तू और रेसमतो मेरेकोलादो और अच्छादरियाईका साढेतीनहात लंबाचौडाकपडा चहियेगा ठगसे- ठबोलाके इसका क्या होगा बादस्याहनेंकहा के में मेरेगुरूके साथ भेस्तमें जायाकरताथा सो मेंनें वहाँ कुछकसीदा सीखलीयाथा और वहाँकेअगवाइयें व पिछवाइयें परदे चंद्रवोंकी सिपतसबदेखके ध्या- नमेंले आयाहूँ ठगबोला एसे कसीदेसें क्या होना यहाँतो लखोंकाख- रचहै बादस्याहनेंकहा फकीरोंके लटके भीतो देखो खैर ठगनें दे- खाके इस्को नाराज न करणाँ हाँ भरकेचला बेटीकेसंग सबचीजेंभेजदी वहलेकरआकेहाजरहुई और पूछनेंलगी के आपइस्काक्याकरोगे ज्वाब दियाके दिलकोंतारमावेंगे और दिनकाटेंगे लोहूबनारहेगा तो हमारीतो मौतहोनाँहीहैपर तुमतोबचजावोगे वहबोलीके कोईभीउपायसें आपका- प्रानबचजायतो मेरीज्यानतो आपकेकुरबानहै परक्याकरूँ इससाढेतीन- मनकेतालेके कुंजीबीतोनहीं है ॥ जबयहताला कारीगरकेपासघडाजा- ताहै तबइस्केकुँजीनाहिंआतीहै जबबंदीवानकों बाहरनिकालकर भटी- दिखाईजातीहै उसदिनयहताला मेराबाप अपनेंहातसेंतोडताहै और बंदीवानकों बाहरनिकाललेताहै नहींतोम्हें आपकीज्यानकबीनहिंजानें- देती पर बेवसहूँ बादस्याहनें अपनेंदिलकीबात कुछनकही और दिल- मेंसोचा के औरतकीजातहैऽस्त्रिकेपेटमें बात ठहरतीनहीं हरतरहसें को- ईबीसखस पुसलायके पूछसकतेहैं और अबलाकीजात मारेखुसी व धमकीसेंकहदेतीहै खैर अबतो बादस्याहनें नीलगरकों यादकिया फिर अपनेंउस्ताजकानामलेकर कसीदानिकालनाशरूकिया और उसनें अपनेंवजीरकेनामसें (अंकपल्लीअपनींअपनीदोनोंकीइयारतकाइसारा) लिखके सबअहवाल ममाईगिरेकेमकानका और जापतेका व गलीकों चेकापत्ता ठिकाना व अपनेंतनकीविवस्था सबरूबरूमिलनेंजैसी लि- खदी और बीसहजाररुपयोंतक इसचंद्रवेकों तो खरीदो पुन्ह अगवाई

पिछवाई पड़दे बिछायत बनवानेका इस्कौंहुकमदौ सौ इसलालचसें यह बनवावेगा जिस्सें अपनेंआपसमें चिट्ठिमिलापरहेगा और छुडानेंका इलाजकरौ परजबरदसतीकरनेसें मेरीज्यानकाखोफहै और आपकौं आपका हातमल २ के रौनापीटनाहौगा अबतौ सबहकीकत उसचंद्रवेमें अंकशारतलिषकर उसठगसेठममईगिरेकौं वीसहजाररुपयेमें बेचनेकाहुकमदीया और कहदियाके बीसहजारसेंकमएककौडीभीनहिं लेनाँसेठबौला फकीरसाहब इस्केबीसहजाररुपये कौंनदेवेगा ज्वाबदिया के तुमकौं फकीरोंकेलटकौंकी क्यामालूम इस्कौंतोवहखरीदेगा कि जो कोइभेस्तकेबयाँनकीकिताबाँ वाचापढाव जानताहौगा बससेठबजारमेंलेजाकर बेचनेंकौंखडाहुवा तबउसचंदरवेकारंगढंगदेखके सैकडौंआदमीआतेथे परमौलउस्का बीसहजाररुपयासुनके चुपचापहौकरअपनेंकाँ नमूँद चलेजातेथेपरबादस्याहके जानेंकेपीछे बजीरनें एसा बंदौबस्तकीयाथाके जगँहँ२ हलकारे व जासूद गौरंदे खडेकरादियेथे और कहरक्खा था के सहरमें कोईभी नवीजूनीबात व नवीजूनीचीज आश्चर्यकीदेखौ सुनौं उस्की मेरेकौंखबरदौ किसनेंकिस्कौं कही और किसनें किनसेंसुनी फेर उनकेघरठिकानेंकाभीपत्ता यादरक्खौ हरएक जगँहँ हरठौड़ डाकेंबिठारक्खीथी जब वहनबीबात गौरंदौंनेंसुनींऔर देखीके दसपाँचरुपयौं काचंदरवा औरबीसहजारमौलके यहबातभीतौ नईसेंनईहै जायकरवजीरसेंअर्जगुदराई सुनतेहीवजीरनें चंद्रवाबुलवाकरदेखा औरदेखतेही अपनेंप्यारे मालिककेहातकीनिसानीं खतबाचकर मगनहौगया और ऊठकेआदावबजाय सिरपेचढाय छातीसेंलगाय मुखसेंचूम आँखौंकीपलकौंकेलगाया व आँखेंमूँदमालिक्केसेंदुवामागी और उससेठसेंपूछा केसेठजीसच २ कहौ इस्काक्याहादियाहै और यहचीजआपकहाँसेखरीदलायेहौ यहतौभेस्तकीनिशानीहै यातौकोई परेस्तौंकेहातकाकामहै और याकोईपरीजातकेहातकानिसानहै या कोई वली औलियौंनें भेस्तदेखी

होगी जिस्केहातलगेहोंगे यहचीज इसजमीनकेपरदेपर मिलनाँकहाँ है यहतो कोईउसमालिककेघरकी सिपतजाणनेंवालोंकी लहरमहरकासोदा हुवाहै हमारीकिताबोंमें लिखाहुवाहै वहसबसितइस्मेहै ॥ यहबातेंपह-लेवादस्याहनें ममईगिरेकोंकहीथी सोसब हकीकत अपनें वजीरकों उस चंद्रवेमेंलिखके वाकिफकरदियाथा वोहीबातें सबवजीर किताबोंमेंलि-खी भतलाके उस्ककी तारीफकरनेंलगा जबसेठनें इस्केबीसहजार रुप-येकहे तबवजीरनेंकहा क्या जादाहै लेपधारें पर यहकामतो सेठजी अधूराहीरहा इस्की अगवाई पिछवाई परदे भी और होनाँचाहिये यह तो फगतचंद्रवाहीहै जबममाईगिरावोला के मेरेविलायतोंसें मालआता हीरहताहै औरभी आड़तियोंकों इसकी तलासमें रहनेंकालिखदूँगा सो आपकों जहाँहोगा जहाँसें मंगवादूँगा वजीरबोलाके आपकीमहरबा नीहोगीतो आपमँगवाहीदोगे अगाड़ीकिसमतहमारेहैं सेटकहनेंलगा के इतनींक्यादिलगीरीहै यहतोमँगवाहीदेऊँगा वजीरनेंबहोतलाचारी वआ-जीजीकेसाथ उस्कोंरुपयेदे रवानेंकीया और चलती बखत वजीर बोलाके अगाडीके कामवास्ते कुछरुपये पेसगीलेपधारें ॥ सेठनेंजबावदी या के वहाँक्याकमीहै वजीरनेंनामठिकानाँ भी पूछा तोउसनेंकुछसच्चा और कुछझूटा लिखवादिया वजीरनेंकहा सेठजी यादरखना एसानहो के आपभूलजावें ममईगिराबोला हुजूरनभूलूँगा यहकहके चला अपनें घर आया सेठनेंविचारकीया के इसआदमीके लोहूनिकालनेंसें रुपये आते उस्सेंतोदुगनें तिगनें एकचंदरवेमेंहीं मिलगये तो फेरक्याजानें कित नेरुपये पैदाकरवादेगा देखाजायगा हालइस्सें यहकामतोबनवालेवें लोभ केथोभकहाँ लोभहीगलाकटाताहै जबठगसेठनें तुरतही अच्छा रंगीन बारीकरेशमव रेसमीदरियाईकपड़ा और सोनेरी रूपेरी बहोतउमंदासें उमंदा चमकदार जरी हररंगत और हरतरहके लेजाके वादस्याहके साँमनेंरक्खदी और वडेपियारसें बोलने लगे और वहबीसहजाररुपये

भी साँम्हनेंरक्खदिये केफकीरसाहब आपनेंजोकहाथा वैसाहीहुवा पह लेतो मेरादिलबजारमें बहोतनाराजरहा परअखीरमें एकगिरायक एसा मिलगयाहै के वहतो नजानें क्याक्याचीजेंबनवायगा अब आपएकतोअ- गवाई और एकपिछवाई व परदेयहजल्दीसें तैयारकरोगेतो आपकीतर- फसेंभी व्याहकेकाममें सबमालअसबाब खरीदाजायगा और यहवीसहजा ररुपये उसचंदरवाके आपरक्खो बादस्याहनेंकहा के आपहीरक्खो क्या बीससें और क्याहोताहैतीससें यहाँतोलखोंकाखरचहै सेठबोला क्यामुजा काहै आपकेपास एसेरलटकेहैं बादशाहनेंकहा के और इस्सें भी अच्छे कसीदेनिकालनाजानताहूँ सो लखोंरुपयोंकेगंजलगजाँयगे सेठजीयाँहाँ तो क्याहै पर आपऔरहीविलायतोंमें भेजकर बिकवातेजावोगे तो लखोंतोक्याहै परकिरोड़ोंरुपयेंघरबेटेहीचलेआवेंगे भेस्तनमूनेंकीबातें अगाड़ीके पैगंबर किताबोंमें लिखतोगयेथे पर देखनेंकोंकहाँ यहबातें सुनकरबस ममईगिरतोदंगहोगया और कहनेंलगाके अब आपइस्कों जल्दीसेंहीतेयारकरकेदो हाल आपकाव्यावहोजाय ॥ जब बादस्या- हनें जाजम बिछोनाँ पिछवाई बनानाशरूकीया और सबकेफियतमुह- ल्ला ठिकाना गली कोंचा व जापतेकासबहालकोट किल्ला दरवज्जा ताला सिफाई फोज तोपें कुल्लकेफियत परदेपिछवाईमें अंकपल्लीलिखदी और अपना हालभीलिखसमझाया और लाखरुपयेदेनेका हुकमदीया बस तैयारकरके सेठममईगिरेकोंदीया और कहादियाके इस्कोंकोईभी- खरीदकरे एकलाखरुपयोंसें कमतीमेंनहिंदेना वहाँऔरकौनखरीदताथा वजीरकेही खजमतदार आकरदुकानपे ताकीद कियाकरतेथे उसरोज तय्यारहोनेसें ठगसेठ वजीरकेहीनजरजागुदराई वजीरनेंउठके ताजी- मदी और वह अंकपल्लीके खत बाचपढकर और निहायतखुसीमनाके बोले क्योंसेठजीहमारेतोंईष्टकेनमूनेकाकसीदाहै पर इस्कावाजबीहदि- याकहोहमकोंकहाँतकमिसलकेगा उसनेंकहा इस्केलाखरुपयेदिलवावो वजीरबोलाकेवाहवासेठजी तुमतोबडेहीईमानदारहो हमनेंभीयहीसुम्मार

एकडेडलाख दौलाखकेलगबग गिनरक्खाथा झटपटही खजानचीपे रु-
क्कालिखदिया और सेठसेंकहाजावोखजानचीसें अच्छेआकरीआँटके मु-
खकेमाँगेहुये और पचीसहजारहमारी खुसीकेआपकों इनामके बखसीसहै
सवालाखरुपेलीजिये जब जातेहीखजानचीनें रुपयौंकीथेलियेंनिकालदी
इतनेमेंतो वजीरनें एसातौफानउठाया के एकदोदुकाना बजारमेंलुटवाके
हल्ला बजादिया तब ठगसेठवजीरपासआकर अर्जकी के हजूरबजारतौं
लुटताहै अबमेरीरौकड़काक्याहालकरूँ वजीरनेंकहाकि में बजारका
अभीबंदौबस्तकरताहूँ आपतो अपनीरौकड़ लेपधारें म्हेंजापतादेकर
पहुँचादेताहूँ तबवजीरनें एक २ थेलीकेसाथ च्यारच्यारसिपाई नंगी-
तलवारौंवाले संगकरदिये जबसेठजीखुसीहोकर बादस्याहीफौजसंगही-
लेचले और उस्केपीछेही वजीर सहरकाबंदौबस्तकेवास्ते बहोतसेसि-
पाइयोंकोंलेचला और सबतौपें व रिसालौंपर हुकमदेचला बस सब
फौज सिपाई मंमईगिरेके घरजापहुँचे लुहार सुथार और वेलदारों कों
तोयेहीहुकमथा के इसठगसेठकेमक्कानकों फौड़ फाड़ और तौंड़ ताड़
खौद खाद मेदानहीदिखलादो इधररौकड़केसाथ सिपाईगयेथे उन्हौंने
तो जातेही सेठकेसिपाइयोंकौंगिरफतारकीया और सबशस्त्रौंसहित
तौपखानेकोंघेरलिया और ठगसेठकौं पकड़जेरकिया व कमरेतकपहुँचे
बादस्याहकों बाहरनिकाललीया इतनेमें वजीरभी लहसकरलेकेजापहुँचा
और ममईगिरेकों कत्लकाहुकमदीया और वहलड़कियें वा बादस्याहकी
खेरख्वाहलड़कीथीउस्कों बादस्याहीजनानेंदाखलकीऔरसबकेदियोंकों
रिहाईदीअबबादस्याहकों सवारीकराके हाथियोंकेहलके व चँवरोंकेफट
कारेनकीब नोकर दौमर२पुकारे निसाण नोपत नगारे लहसकर सिपाईलारे
वडीधामधूमसें सवारीबजारतकपधारे आगेलीलगरकामकानआया तब
बादस्याह फौजकों खडीरहनेंकाहुकमदे आपनीचेउतर नीलगरकेघर-
कौंगया और बुजर्ग उस्तादके पाँवोपड़ कहनेंलगा के आपकेहुन्नरनें

मेरीज्यानबचाईहै जोमें सीना और कसीदानिकालना नहिंसीखता तो हममारेजाते मेरेलोहूकेभजिये तो औरहीखाते अब सबलोग सरकारसे खरचलो और हुन्नरसीखो यहहुकमदिया और देशदेशांतरोंसें हुन्नरियोंकों बुलवायकर अपनें शहरमें बसाय बडामानदिया ॥ इसीतरहसें हस्तनापुरके राजा पाँडवहुन्नरीथे देखो उन्होंनें राजाहोकर कैसाहुन्नरसीखलीयाथा जैसे राजायुधीष्टर व्याकर्णविद्यामेंप्रविण औरपौराणविद्या इस्तामलहीकररक्खीथी भीमसेन शूपग्रंथानुसार श्याकपाकादिबनानेंमेचतुरथा और अरजुन नाट्यविद्यामेंनिपुणथा नकुल सहदेव जोतिषी व अश्वविद्यामें श्रेष्टथे जब आपतकालआकर द्यूतकर्म (चौपड़) सें हारकेराज्यछोड वनोवासधारणकीया सोभी १२ वर्षगूप्तरहना तो एसी दुर्दशामेंभी हुन्नरकेजोरसें राजाविराटग्रह अपना २ कार्यप्रगटकर दिनतेरकीये पुन्ह युद्धादिकरके अपनाराज्यभीपीछालेलिया और एसे२ बहोतसेलोगोंने हुन्नरसीखके द्रव्यभीपेदाकीया और अपनानाम भी अछी तरहसें मुलकोंमेंजाहरकीया और हुन्नरकेसाथ अपनें मुसीबतकेदिनकाटे और इसभरतखंडके राजावों नें आगेबहोतसे हुन्नरियोंकों बुलवाकरआदरपूर्वक अपनेंराज्यमेंबसाये उनहुन्नरियोंकी बनाईहुईचीजें और लोगोंकों सिखाईहुई अभीतककामदेतीहै और जमीनमें सें सप्तधातू व उपधातू यहसबहुन्नरियोंनेंनिकालीहै (पुन्ह) इनधातूवोंका फेराफेरभी केइहुन्नरियोंनें करके बस्तुवेंबनाई जैसें पचीससेरताँबा और पनरासेर जस्त मिलाके पीतलबनाया व पचीससेर ताँबा और पनरासेर कथीर मिलाके कांशाकरलिया वहबरतन जगतकेउपयोगी और प्रासिद्धहै एसेंहीं सोना व चांदी के बरतन व गहना दागीना बनेवोजाहरहीहै और पथ्थर पहाड जमीन ढूंढके चमकदारपथ्थर भी हुन्नरीयोंने निकाले व सुधारे (माणकहीरापन्नापुखराजइत्यादि) और इसहुन्नरकेजाणनेंवाले अबभी अपनीइज्जतसें ठंढीछाँहबैठे अपनागुजर अछीतरहसेंचलाकर

चिकनीरोटियेखातेहैं और खरीददारोंसें कुसामंदीयेभीकरातेहैं ॥ हुन्नरियोंका दरजा अच्छासमझकर राजावोंनेंभी मान्यदेबसाये जैसें जोधपुरके राजासाहेब वखतसिंघजी नागोरथे जब एसे२कारीगर बुलवा२के नागोरमेंवसाये उनकारीगरोंके बनायेहुए औजार संचे व सतारकेतारहैतोलोहा पर सोनेंसेंद्रिगुणाँमोलपातेहैं उनतारों बगेर सतार बीन इकतारा सारंगी चिकारादि वाजोंका कामनहिंचलता इनकायहीजीवहै और दांत लाख कांच नारेली बंगडी चूडी रंग रोशनाई वारूद इत्यादी औरभी सेकड़ोंचीजोंके बनानेवालेकों बसाये उनकी बनाई चीजें सबजगतकेउपकारार्थहै एसे सच्चेहुन्नर सीखेहुये हरबखत व हरजगेंहैं कामआतेहैं.

एसेंहीं जैपूरके राजा सवाइजेसिंहजीनें जैपुरमें अच्छे २ हुन्नरी बुलवा २ के बसाये सो उनहुन्नरियोंकी बनाईहुईचीजे सेकडोंकोसोंतक जाहर और उपकाराऽर्थ है और हुन्नरी जाँहाँचाहेवहाँ मिलसके और आदरपाकर द्रव्यपेदाकरे और नामभीप्रसिद्धकर उस्तादवजे व हुन्नरसे जो चाहेसोकरसके यहहुन्नर अजबचीजहै (देखो) मेनेंबी एक छोटासा हुन्नर छापखानेका सीखलियाहै जिस्से हमारे दिनभी अच्छीतरहसेगुजरतेहै और थोड़ानामभी जाहरकिया सो आपलोगोंके श्रवणमें आयाहीहोगा नहींतो मेरेको कोन जानता और कोन पहचानता इसवास्ते हमारी राहमेंतो सच्चाहुन्नर और सद्यविद्या सीखना अच्छानजरआया इस्में नामवरी व द्रव्य संग्रह होना दोनोंहकी वृद्धीहै-

हे सुजनविद्वजन प्रियमित्रो हुन्नरभीसीखो तो ऐसासीखो जिस्सें धापकेतोपेटभरो और सुखसें अपनी नींदसोवो और ऊठो किसीकातगादा ओलभा मतसहो एसा ओलभावी वुरा के जिस्के सुनतेही अपना शरीरतपजाय और खूनतक गरमीपहुँचे और प्रसंशा सद्यविधा व हुन्नर सच्चेकामोंमें हमेसा वाहवाईही मिले और नकददामहातमें आवे ऐंड और उधारमे न फसे साहुकारकी रकम हातमे रक्खें

हजारों हुन्नरका हुन्नर एकयहीहै जो हुन्नरतोसीखजाय और पूँजी
अेंडकरबेठे तो दिनमुसीबतसेंकटे प्रथमतो अपणेंलोग हुन्नर व
हस्तकारी सीखनेकी इच्छाभीनकरे जोकदापि हुन्नर व हस्तकारी सी-
खेंईलेंगेतो ऐसीसीखेंगे के जिस्में झूट और कपट खोट प्रपंच ठगाई
दगावाजी इत्यादि और विद्याभीपढेंगे तो ऐसीपढेंगे जैसी पहलेवर्णन
करचुकेहैं और हुन्नरभीसीखेंगेतोऐसा जैसें (हींग किस्तूरी केसर
इत्यादिनकलीबनानाँ) व अमर करपूर अतर इत्यादिमें भेलकर नक-
लीबनाना व खोटेनकलीवनाके बेचना जिसकेखानें लगानें सें शरीर
विगड़कर अनेकरोगउत्पन्नहोजाय जैसें अच्छीहींगमेंमिलावट लहशुन-
गूंदइत्यादि० व अतमेंतेलचरवीइत्यादि० व केसरमें कँवलप्रयाग
वद्धिद्दलअंकूर० और किस्तूरीमें लहूमंसादि० अमरमें सुगंधीमसाले
मौम अफीममें गुड अेलिया सिंगदराज रब्बा इत्यादि एसे २ हुन्नरसें
नकलीचीजें बनाय २ और कपटसें बेच २ कर अपणें कुटमका पौष-
णकरतेहै वह आजकलह वडेहुन्नरियोंमेंजम्माहै और हुन्नरीकहलाये
जातेहै और इस्सेंभीबडेहुन्नरीवहहै के जैसें बहुतसीकपटविद्या व हात-
कीकारीगरी यहाँतककरतेहैं के नकलीमोती और नकली माँणक पन्ना
इत्यादि बनाके व एसी २कपट हुन्नरकीजिनसें जिनकोंबना २ कर और
छिपा२केचौरीसें व दूसरोंकेहातसें व कपटकर गिरिवीरखदे वहवडेहुन्नरी
कहलायेजातेहैं और इस्सेंभी बडेहुन्नरी एसे२कपट खोटविद्या करनेंवाले
होते हैं वह बहुहुन्नरी खोटे नोट हुंडियें दस्ताएवज रुपिये असरफियें
इत्यादि बनाकर चोरी छिपीसें छानें ओले गली कूंचोंमें व दुसरोंके
हातसें कपटकर चलातेहैं और आखिरकों पकडीजकर दुरदशाकों
भी पहुँचतेहैं पर सहूकारी हुन्नर नहींसीखेंगे जो हस्तकारी कारीगरीके
सदव्यवहारके होते हैं जिस्सें अपना नामप्रसिद्धहो व अगाडी सब
लोगोंकों फायदापहुचे किसीका बिगाड़ा नहिंहोय और आप हुन्नरीनि-

कपट होके देश देशांतरोंमें बेच व भेजके अपना नाम अच्छीतरहसें प्रसिद्धकरे एसाहुन्नर नहिंकरेके बतावेतो तंत्र और कहे मंत्र और कपट रसाणादिक दिखाके ठगे व सोनें चांदीके जोडे बनाकर ठगविद्याकर बेचें व बदलकर गिरवीधरे तथा जूवे और गंजफे काफदानोंसें ठगखानेका हुन्नरकरे ऐसे हुन्नर तो फकत चोरी छुपी कपटविद्याकेहै हुन्नर ऐसा सीखनाचाहिये कि जिस्सें अच्छी तरहसें तो अपने कुटम्बका पालन पोषन करे और अपना नाम ठाम ग्राम मोहोल्ला बाजार व बाप दादा प्रदादाके नाम व उस्तादकानाम ग्रामाधीस (राजा) का नाम इत्यादि अनेक प्रसिद्ध होते हैं ऐसी सदविद्या व सच्चा हुन्नर सीखना उचितहै लुच्चे गुंडे चोर इन्याई जुवारी जाली फासीगिरे पेंटी गलकट्टे जेबकट्टे उठाईगिरे खोटीचीजें बनानेवाले ठग कुबुद्धि इत्यादि की संगत नहिं करना संगतकाफल अवश्यकरलगताहै जैसें (कोयलोंकी दलाली में काला मुँह) एसासमझके सुमार्गमेंचलना योग्य है ॥

इति वैश्यकुलभूषण व इतिहास कल्पद्रुम माहेश्वरी कुलशुद्धदर्पण सहा शिवकरण रामरतन दरक माहेश्वरी मारवाडी मूंडवेवाला इन्दोर निवासी कृत प्र. भा. संपूर्ण शुभम्

[अथ तारीखचक्रम्]

सन १८८८ से १९५५ पर्यंत.

तारीखदेखनेंकीरीति जिसवारकों तारीखदेखनाहो तब प्रथम ईस्वीसनके सन्मुख वर्गअक्षरदेखो पुन्ह इंग्रेजीमासके सन्मुख वहीवर्गाक्षरपे उँगलीधर नीचेचलकर दिनकेवारपेआवे फिर उसीवारकेडावेबाजू (बामभाग) चक्रमें तारीखदेखो उसीबारकों वहीतारीखहोगा वर्गकोष्टक नम्बर २ में वर्गकेदोयअक्षरहै सो प्रथम अक्षर जानेवारी और फरवरीकाजानों शेषाक्षर सर्वमासकागिनों ॥ यहदोयअक्षर फरवरीचौथेवर्ष २९ तारीखकाहोताहै इसवास्तेहै ईस्वीसनके च्यारकाभागदेनेसें पूर्ण० वचे उसवर्षमें फरवरी २९ तारीखकाहोगा शेषवर्ष २८ तारीखकोजानो.

तारीख चक्र.

ईस्वी सनमें. वर्गादि मासांत् वर्गः बारं प्रमुख. तारीख आगमनचक्र.

सन इसवी. १			वर्ग. २
१८८८	०	१९२८	क छ
८९	१९०१	२९	च
९०	२	३०	ङ
९१	३	३१	घ
९२	४	३२	ग ख
९३	५	३३	क
९४	६	३४	छ
९५	७	३५	च
९६	८	३६	ङ घ
९७	९	३७	ग
९८	१०	३८	ख
१८९९	११	३९	क
०	१२	४०	छ च
०	१३	४१	ङ
०	१४	४२	घ
०	१५	४३	ग
०	१६	४४	ख क
१९००	१७	४५	छ
०	१८	४६	च
०	१९	४७	ङ
०	२०	४८	घ ग
०	२१	४९	ख
०	२२	५०	क
०	२३	५१	छ
०	२४	५२	च ङ
०	२५	५३	घ
०	२६	५४	ग
०	२७	५५	ख

मास. ३	वर्ग. ४						
जनवरी. अक्टंबर. १ १०	क	ख	ग	घ	ङ	च	छ
मई. ५	ख	ग	घ	ङ	च	छ	क
अगष्ट. ८	ग	घ	ङ	च	छ	क	ख
फरवरी. २ मार्च. ३ नवंबर. ११	घ	ङ	च	छ	क	ख	ग
जून. ६	ङ	च	छ	क	ख	ग	घ
सतंबर. डिसंबर. ९ १२	च	छ	क	ख	ग	घ	ङ
अप्रेल. जुलई. ४ ७	छ	क	ख	ग	घ	ङ	च

तारीख. ६					(वार.) ५						
१	८	१५	२२	२९	र	श	शु	गु	बु	मं	चं
२	९	१६	२३	३०	चं	र	श	शु	गु	बु	मं
३	१०	१७	२४	३१	मं	चं	र	श	शु	गु	बु
४	११	१८	२५	....	बु	मं	चं	र	श	शु	गु
५	१२	१९	२६	....	गु	बु	मं	चं	र	श	शु
६	१३	२०	२७	....	शु	गु	बु	मं	चं	र	श
७	१४	२१	२८	....	श	शु	गु	बु	मं	चं	र

श्रीः

अथ रमल प्रस्नावली.

सहा शिवकरणरामरतन दरक माहेश्वरीमूंडवेवालाकृत लिख्यते

(वार्ता)

जोप्रछकप्रश्नपूछनेकोआवेउसकेमुखसोंचारशब्दकाउच्चारकरवानांएकतो फलकानामपूछनां दूसरासातवारोंमेंसेंवारकानांमपूछना तिसरेकोईनक्षत्र कानांमपूछनां चोथाकोईपक्षीकानामपूछनाँ येचारशब्दचारवारबुलवावे एकएकशब्दकाअक्षरगिनतेजानाँ जोदोकीआवेतोदोकाअंकधरतेजानाँ एकीआवेतोएककाअंकधरतेजाना ऐसेचारबारकेचारअंकोंकीपंगतीरच नां पीछेवोहीचिन्हकेअंकप्रश्नावलीमेंदेखकेफलकहनाँ

२१२१ हेप्रच्छकयहप्रश्नआनंदकारीहैचिंताभयखेदहूरहोगी मित्रमिलाप धनलाभ स्त्रीलाभ व्यापारलाभ गईवस्तुमिले एकमलीनपुरुषतेरेसिर कलंकधरताहै तूंनिकलंकहै एकतेरामित्रहै उसकीसलासेकारजकरेगा-तो मनकी इच्छापूर्णहोकारजसिद्धहोगा ॥ १ ॥

११२२ हेप्रछक यहप्रश्नमध्यमहैं येकारजकलेसकेसाथहोगा पीडाकासनमंधहै कुछदेवदोष पितृपीडा चोरभय व्यापारमेंनुकसानहोय तीनदिनपीछे एकअभ्यागतकूं भोजनदे कारजकर लाभहोगा कुछअछीवातसुनेगा मनकूँविश्रामआवेगा ॥ २ ॥

२२२२ हेप्रछकयहप्रश्नउत्तमहै जोतेरीइछाहोयसोपूरणहोगी मनोरथसिद्ध रोगभयनाश धनलाभ राज्यसन्मान कृषीव्यापारलाभ विदेशगमने आनंदसोंआवे एकतेरेकों पिछलेदिनोंमेंस्वप्नआयाथा क्याकहायादकर वोवस्तुपावेगा ॥ ३ ॥

२११२ हेप्रछक यहप्रश्नचितदेकेसुन तेरेदिलकासंसातत्कालनिवृतहोगा जोवस्तुचाहताहैसोसीघ्रहीमिलेगी राजसन्मानरोगनास्तीगतवस्तुप्राप्ति-

मित्रलाभशत्रुक्षय एकचुगलतेरीचुगलीचितवताहै मुखसूंमीठारहताहै ठिंगणेकदमाकाहैभरोसामतकर इष्टदेवकासुमरनकरभलाहोगा ॥ ४ ॥
२२१२ हेप्रछकयहप्रश्नभलाहै गुंजधनप्राप्तहोगा निरउद्यमनरहो बुद्धिबलचलनेंदो आलसअरुकायरताछोडो धीरजपकड़ो एकपुरुषतेराविश्वासराखताहै भलाचाहताहै कारजपूरणकरेगा गइवस्तुमिलेएकपूरवपुन्यप्रगटेगा कुछपुन्यकरभलाहोगा ॥ ५ ॥
१२११ हेप्रछक येप्रश्नअधमहै येकारजमतकर पीडाप्राप्तहोगी एकगुप्तपापसतावताहै तैंनैबहोतउपावकी मिलासोहाथनरहा उद्यमकरफेरपावेगा बंधमोक्षरोगनाशशत्रुनाशहोगा कुछपुन्यकरभलाहोगा ॥ ६ ॥
१२२२ हेप्रछक तेराचितबडाउदारहै परंतुकुछप्रारब्धरेषाजोरनहींकरती धनपावताहैजातारहताहै मित्रकपटाईहोजातीहै विश्वासकिसीकामतकर एकबडीबातसेबचेहो दुखदूरहुवा सुखप्राप्तहोगा लाभहोगा गइवस्तुपावे राजसनमान सदगुरुकाध्यानकरभलाहोगा ॥ ७ ॥
२२११ हेप्रछक तेरेकूंबस्तप्राप्तहुईवहगईकरताहैसोकारजविपरजयहोजाताहै बडेकष्टसेंमिलेतोभोगनहीं कुछश्रापितदोषहै अबतेरामनलुभायाहै वस्तुप्राप्तहोकेहाणहोगीकुछमंदग्रहदेवदोषापितृशांतिकरभलाहोगा८
२१२२ हेप्रछक तुमबडेबुधवानहोपरंतुबुधचलतीनहीं पासाउलटापडताहै अबजोकारजपरअमलकरतेहोसोकाठिणहैधीरजकरो जिसेंकारजचाहतेहोवोस्वार्थीहैं विश्वासनकरो मित्राइमेंलाभनहीं मित्रमीठेबोलतेहैं विसवासदेतेहैं परंतुकपटरखतेहैं पुण्यकरभलाहोगा ॥ ९ ॥
१२१२ हेपृछक यहप्रश्नचित्तदेसुनो दिलसफाकरो संकलपविकलपक्यों करतेहोयहकारजआतुरहोगा एकपुरुसतेरेमुखमीठाबोलताहै पिछाडीबदीकरताहै । तेरामनोरथसिद्धकरनेंकोंएकउपावसुनछटाकभरअन्नघृतमिष्टान्नमिलायकरचीटियोंकोंनितप्रतिडालदियेकर लाभहोगा दुस्मननासहोगा फत्तेपावेगा ॥ १० ॥

११२१ हेप्रछक यहप्रश्ननपुंसकहै कारजआधाहोगा कुछधीरजकर एकपुरुषतुमसेंमित्राइकरकेसलाहदेताहै सोकुटिलहै तेराधनहराचाहताहै विश्वासनकर अबएकसुजनमिलेगा थोडेदिनकरूरहे दिनपंदरापीछे आनंदहोगा अभ्यागतसेवाकरभलाहोगा ॥ ११ ॥

२१११ हेप्रछक तुमबडेचतुर धीरजवंत प्रतिष्टितहो येकारजविचारासो अफलहै कपटाइकेसाथ हैरानहोगे अर्थनमिलेगा लाभछोडो वनग न करो १० दिनकठोरहे तुमघरसेचले जब अपसगुणहुवा खेती अफल वाणिजहान चोरभयरोगप्राप्ती संकाहैतो दोघडीठहरकर प्रश्नफेरपूछ संसयददूरहोगा कुछपुण्यकरभलाहोगा ॥ १२ ॥

(१२२१) हेप्रछकतेराचिततृष्णाकरकेडोलताहै औरखहोतमनसूबेकरमनलडुखाताहै धनकीउपायबहोतजानताहै ॥ लोकोमेंतेरीप्रशंसाहै परंतु उद्यमफुरतानहींकारजविपरजयहोजाताहै कुछहातसेगया एकतेरे मनसापापलगाहै जिसकीआतापहै सांतीकरभलाहोगा ॥ १३ ॥

(२२२१) हेप्रछक येप्रश्नउत्तमहै गइवस्तुमिले बंधमोक्षराजसनमान व्यापारलाभविछुटेमिले गुप्तपदार्थप्राप्ती शत्रुनाश रोगक्षय कारजअतुरसेकर ढीलनकर रातकोंस्वप्नआताहै आलसरहताहै कल्पनासतावर्तीहै कुछपुन्यकर अभ्यागतसेवाकर मलीनदेवकीछायाटलेगी पितृदोषनिवर्त्त होगा ॥ १४ ॥

(१११२) हेप्रछक यहप्रश्नलाभकारीहे व्योपारकर स्यामऔरसुपेदवस्तुचतुष्पदअन्नघृततेलसंग्रहकरलाभहोगा गईवस्तुपावेरोगनास भयनास देवकाकुछबोलबोल्यासोभूलगया राज्यसनमानजसप्राप्ती कोइअच्छीवातसुनेगा इष्टकोंयादकर दिलसफारख भलाहोगा ॥ १५ ॥

(११११) हेप्रछक येप्रश्ननेष्टहे कार्यनास्तीचोरभयराजभय रोगपीडा क्लेश उद्वेग गर्भपातदूरगमनपंथचलावे बंधप्राप्तमंदग्रहक्रूरहे ग्रहशांतीकर सुखप्राप्तहोगाआठसनीवारपीपलवृक्षपूजप्रदक्षिणादेमंत्रजप ॥

ॐनमःशिवार्यममग्रहेशांतिकुरुकुरुस्वाहाः ॥ येमंत्रजपकेनमस्कारकर-विपुलधनपावेगा ॥ १६ ॥ इति श्रीरमलप्रश्नावली सहाशिवकरण रामरतन दरक माहेश्वरी मूंडवेवाला कृत सम्पूर्ण.

अथ दंतबत्तीसीप्रश्नावली

दोहा ॥ जेतेअक्षरनरकहै तेत्रिगुणाकरलेह ॥ भागसातकादीजिये जो-तिसकहाकरेह ॥१॥ थिरयेंकी तुरतेबिहुंतिहुंतिहुंचंलणकरेह ॥ चहुंमार-गपांचैंघरेछेआवेकुसलेह ॥२॥ जो भागेभांगेमिले करैकलाहकुटेव ॥ दं-तबत्तिसीकाप्रश्नभाखतहैसहदेव ॥३॥ इतिदंतबतीसीप्रस्नसंपूर्ण ॥

अथ रामरावण प्रश्न.

कवितछपै॥रामनामसिद्धकाज सीतादुषशोकविषादं स्यामध्रम्महनुमंत फतेलछमनकरबादं ॥ लाभबभी-क्षणलहेप्रितसुग्रीवसुहासं अंगदज्वाबजरूरजीतनलनी लहुलासं ॥ क्षयरावण भयसूप्रका मेघनाददुषदानिये शिवकर्णसुपारीकरधरो कोष्टकअंकपिछानिये१इति॥

(अथचोरीमेंवस्तुगईहोयजिस्काप्रश्न) ॥जिसनक्षत्रकोंगईहोयसोनक्षत्र देखिकेफलकहो ॥ मिले तथा न मिले तथा कितनेदिनमेंमिले तथा कौणदिसागई कौणलेगया ॥ (ताका चक्रमें खुलासा देखो.)

कोष्टक

अंधे	रो	पु	उ फा	वि	पू षा	ध	रे	अंधा नक्षत्रमें गई वस्तु तुरत मिले पूरबदिसा गई. उत्तम जातिका ले गया.
मंद	मृ	श्ले	ह	अ	उ षा	श	अ	मंद नक्षत्रमें गई वस्तु दिन ३ में आवे दक्षिण दिसामें गई. वैस्य जातीका लेगया.
मध्य	आ	म	चि	ज्ये	अ	पू भा	भ	मध्यम नक्षत्रमें गई दिन ६४ में मिले पश्चिम दिसा गई. मध्यम जातीका लेगया.
सुलोचन	पु	पू फा	स्वा	मू	श्र	उ भा	कृ	नहीं मिले उत्तर दिसा गई शूद्र जातीका लेगया.

निवेदन.

ईश्वरनें यासंसारमें मनुष्ययोनी कैसीउत्तमपैदाकीहै के संपूर्णशुभ-कार्य इसीजन्ममें बनसके या योनी पश्यात् पशुपक्षी योनीमें कुछकार्य धर्ममर्यादाका नहींहोसक्ता याकारनतें किसीनें मंदिरबनाया किसीनें कूवानिवाण बगीचा पुल धर्मशाळा सुखस्थान धर्मपुरा सदाबृत भोजन-शाला अन्नक्षेत्र छबन्यात नवन्यात भंडारा ब्रह्मभोज्य यज्ञादि व कि-सीनें ब्राह्मणोंकी कन्याँवोंका व बहन भाणज्योंका विवाह इत्यादि बडे २ शुभकार्यकरिके अपना माम जाहर किया परंतु यह सब काम धन-वान लक्ष्मीपात्रोंकाहै मेंदरीद्री क्यासहसा जगउपयोगी कार्यकरसकूँ औ-र मनका बेगएसाहै जैसें (परबिनपरेवा सागरउलंघ्योचहे) पर द्रव्यतो मेरेपासनहीं और चंदरोज दुनियाँमें नामरहनेकी अभिलाषा होती है ईश्वरनें दो अक्षरका ज्ञानभी दिया तब विचाररूपी समुद्रकी तरंग-उठी के हे मनुष्य तेनें जिसजातीमेंजन्मलीया और उसजातीमें कुछ-उपकाराऽर्थ फायदानहींकीया तो जीनाँही मृतकपशुवत है यहविचार गुरुइष्टमनाय कलमउठाई तो प्रथम ज्ञातीउपकाराऽर्थ श्री इतिहास कल्पद्रुम माहेश्वरी कुलशुद्धदर्पण नामकग्रंथ वर्णन कर अपनी जातीका स्वरूप दर्पणवतही दिखादिया पर कुछेक ज्ञातीप्रबंध कायदा भी प्रका-शित हो जानेंकी आशाउत्पन्नभई और बिचारनेकी बात है के अपनी जातमें कोईप्रकारका कानूनकायदा बंदोबस्तका कायम नहीं और इसी-कारणसे अनेक प्रकारके फंदे झगड़ेरगड़े खड़े हो जाते है (देखो) बहोत-सेगाँवोंमे धड़ापड २ कर फंट पड़ रहा है व औरभीजगे पडनेकाकुछ ता-ज्जु बनहीं इस्का कारन क्याहै तोजराजानागयाके जातीमें कोई प्रकारका प्रबंधनहींओर बगेरप्रबंद्ध मनुष्य मनमुखसें जिधर बहोत आदमीजबर दस्त वा धनवान मिलगये और उन्होंनें जैसाचाहा वैसा मनमुखत्यारी-सें भला या बुरा कुछभी कामकरलिया और किसीनें नहिं मानी तो ध-

झपाड़ लिया वा नहिंमानणेंवालेकों जुदाकरदिया इसीतरहसें
श व देशांतरोंमें एकतानहिंरही (देखो) सबजातौंमें रीवाज और ५।
यदाहे और अपनी महेश्वरीज्ञातीमें कुछकायदा रीवाजकायमनहीं केव
ल जबरदस्तौंकाधौंसाहे इसवास्ते मेरीप्रार्थनाहे कि इस्का ५
वस्तहोकर कायदाकानून (जैसें) सगाई सगपण दत्तपूत्र वारि ९
दार हिस्साबंट गुरांकादापा खर्चखातेकाप्रबंध व कन्याँकाविवाह कित
नेंवर्षकीकन्याँसें कितनेंवर्षतक पूर्षकाकितनेंवर्षसें कितनेंवर्षतक इत्या
दि प्रबंद्ध बँधजाय तो ज्ञातीमें स्वच्छता प्रीती आनंदयुतबनीरहे और
किसीप्रकारका झगडा नहिंपड़े इसबारेमें फगत प्रस्न वा कुछेक बातें
जो मेरी बुद्धि व अनुभवमें आई वा धर्मशास्त्रमेंभी यथोचित वारूढी
मतसें भी शुद्धपाईगई वो वर्णनकीहै पर आप प्रियवर मित्रोंसे
यहप्रार्थनाकरताहूं के एसाकायदा बँधकर सर्वदेशीमान्य सर्वप्रबंद्ध का-
यमकर लिखभेजें तो छापकर प्रकाशितकरूं जिस्सें अपनीजातमें बंदो.
वस्त बनारहेगा तो म्हें येही एकबडासाकार्य समझलेऊँगा (क्योंकि)
इस्कीभी जातकों फायदारूपी ठंढीहवा प्रकाशितहोगा यहसबवातोंमें
देशरीवाज और कुलमर्यादामुख्यहे पर धर्मशास्त्रादिकोंकाभी जरावा-
क्यमिश्रितहोनाँउचितहै और इसग्रंथमें भूलचूकहोय वहभी कृपाकर
शूचितकरें ताके पुनरावृत्तिमें शुधारणाँकीजाय (पत्र) हमकों
इसपत्तेसें पोष्टद्वारादे अपना आशय स्पष्टाक्षरोंमें प्रकाशितकरें.

आपकाअनुचरचर्णरजवंछिक.

सहा शिवकरण रामरतनदरक
माहेश्वरी मूंडवे वाला.

श्रीरामसागर छापखाना इन्दोर.

॥ श्रीः ॥

वैश्यकुलभूषण.

व

इतिहास कल्पद्रुम माहेश्वरी कुलशुद्धदर्पणस्य.

अनुक्रमणिका.

अनुक्रमणिका.

इति वैश्यकुलभूषण व इतिहासकल्पद्रुमसमाहेश्वरी कुलशुद्धदर्पणस्य अनुक्रमणिका समाप्त।

आपका कृपाकांक्षि.

सदाशिवकरण रामरतनदरक माहेश्वरी मारवाडी मूंडवेवाला.

श्रीरामसागर छापखाना इन्दोर.